Title: Need to declare State Highway between Dausa and Morena via Swai Madhopur as a National Highway.

श्रीमती जस कौर मीणा (सवाई माधोपुर) : उपाध्यक्ष जी, देश के राट्रीय राज मार्गों के विस्तार की योजना केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गयी है। इसी संदर्भ में राजस्थान को मध्य प्रदेश से जोड़ने वाला मार्ग, संख्या 11, दौसा संसदीय क्षेत्र मुख्यालय दौसा से सवाई माधोपुर-श्योपुर-मुरैना होता हुआ राट्रीय राज मार्ग संख्या ए.बी. (आगरा-मुंबई) से जुड़ेगा। इस मार्ग के विस्तार से राजस्थान का दस्यू क्षेत्र भी सुरक्षित होगा। इससे पर्यटन के प्रमुख स्थल जयपुर गुलाबी नगर, रणथम्बोर नेशनल पार्क, शिवपुरी, खजुराहो को सीधा जोड़ा जा सकेगा। इस मार्ग के मध्य बहने वाली बड़ी नदियों मोरेल, बनास एवं चम्बल पर ब्रिज निर्माण पांच वर्ा पहले ही पूर्ण होकर आवागमन के लिए चालू हो चुके हैं। राज्य सरकारों ने इस मार्ग का रख-रखाव भी नहीं किया है। मध्य प्रदेश से राजस्थान आने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनहित व राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए दौसा से वाया सवाई माधोपुर, श्योपुर, मुरैना जाने वाले राज मार्ग को राट्रीय राज मार्ग घोति किया जाना अति आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से भूतल जल परिवहन मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहती हूं कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दौसा से वाया सवाई माधोपुर - श्योपुर-मुरैना जाने वाले राज मार्ग को अविलम्ब राट्रीय राज मार्ग घोति करने का कट करें।